**भारत सरकार**

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3121**

**बुधवार, दिनांक 11 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु**

**हरित ऊर्जा परियोजनाओं में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग**

**3121. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

**क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) देश के विभिन्न राज्यों, विशेष रूप से संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली में वर्तमान में चल रही हरित ऊर्जा परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य-वार क्षमता आवर्धन का ब्यौरा क्या है;

(ग) सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के स्वरूप का ब्यौरा क्या है;

(घ) सौर पार्कों के लिए वित्त पोषण की पद्धति का ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) ग्रिड एकीकरण में आ रही चुनौतियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री**

**(श्री श्रीपाद येसो नाईक)**

(क) और (ख) दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार, देश में कुल 263.18 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई है, जिसमें संघ राज्य क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में 138.65 मेगावाट शामिल है। इसके अलावा, देश में 180.67 गीगावॉट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं आवंटित की गई हैं और 47.92 गीगावॉट क्षमता की परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, भंडारण, ग्रिड एकीकरण आदि सहित नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संभावित देशों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू), आशय पत्र (एलओआई), संयुक्त आशय घोषणा पत्र (जेडीआई), ऊर्जा संवाद और साझेदारी जैसे विभिन्न तंत्रों के माध्यम से सहयोग करता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के तौर-तरीकों में नीतियों का आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और सीखे गए सबक, प्रशिक्षण के लिए कर्मियों का आदान-प्रदान, वैज्ञानिक सूचनाओं का आदान-प्रदान,

कार्यशालाओं, सेमिनारों और कार्य समूह की बैठकों का आयोजन, परस्पर हित के विषयों पर संयुक्त अनुसंधान या तकनीकी परियोजनाओं का विकास शामिल है। इस प्रक्रिया में, साझेदारी को आसान बनाने के लिए विदेशी सरकारों और निजी उद्योगों के अधिकारियों के साथ व्यापक संपर्क किया जाता है।

(घ) "सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं का विकास" के लिए योजना के अंतर्गत सौर पार्कों की साझा अवसंरचना के विकास के लिए 20.00 लाख रुपए प्रति मेगावाट तक अथवा परियोजना लागत का 30 प्रतिशत, जो भी कम हो, केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान की जाती है। इसके अलावा, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए प्रति सौर पार्क 25 लाख रुपये तक का सीएफए प्रदान किया जाता है।

(ड) नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड में एकीकृत करने में प्रमुख चुनौतियाँ नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अनिरंतरता, भूमि अधिग्रहण और स्थानीय मंजूरियां आदि हैं।

अनुलग्नक

'हरित ऊर्जा परियोजनाओं में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.03.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 3121 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता का राज्य-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | लघु जल विद्युत | पवन विद्युत | जैव (बायो) विद्युत | सौर विद्युत | बड़ी जल विद्युत | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (मेगावाट) | (मेगावाट) | (मेगावाट) | (मेगावाट) | (मेगावाट) | (मेगावाट) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 164.51 | 4415.78 | 594.02 | 6935.38 | 3290.00 | 15399.69 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 140.61 | | 0.00 | 15.44 | 1615.00 | 1771.05 |
| 3 | असम | 34.11 | | 2.00 | 474.21 | 346.00 | 856.32 |
| 4 | बिहार | 70.70 | | 140.22 | 435.34 | | 646.26 |
| 5 | छत्तीसगढ | 100.90 | | 285.42 | 1755.40 | 120.00 | 2261.72 |
| 6 | गोवा | 0.05 | | 1.94 | 73.64 | | 75.63 |
| 7 | गुजरात | 113.30 | 14855.19 | 129.85 | 26909.30 | 1990.00 | 43997.64 |
| 8 | हरियाणा | 73.50 | | 325.67 | 2540.08 | | 2939.25 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1000.71 | | 10.20 | 346.28 | 11421.02 | 12778.21 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 189.93 | | 0.00 | 79.48 | 3360.00 | 3629.41 |
| 11 | झारखंड | 4.05 | | 20.14 | 235.77 | 210.00 | 469.96 |
| 12 | कर्नाटक | 1284.73 | 8423.64 | 1917.05 | 10824.00 | 3689.20 | 26138.62 |
| 13 | केरल | 276.52 | 71.52 | 2.50 | 2080.26 | 2008.15 | 4438.95 |
| 14 | लद्दाख | 45.79 | | 0.00 | 12.02 | 89.00 | 146.81 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 123.71 | 3591.15 | 155.46 | 5855.64 | 2235.00 | 11960.96 |
| 16 | महाराष्ट्र | 384.28 | 5847.01 | 2998.30 | 19105.13 | 3047.00 | 31381.72 |
| 17 | मणिपुर | 5.45 | | 0.00 | 17.52 | 105.00 | 127.97 |
| 18 | मेघालय | 55.03 | | 13.80 | 4.28 | 322.00 | 395.11 |
| 19 | मिजोरम | 45.47 | | 0.00 | 33.69 | 60.00 | 139.16 |
| 20 | नागालैंड | 32.67 | | 0.00 | 3.34 | 75.00 | 111.01 |
| 21 | ओडिशा | 140.63 | | 64.22 | 773.32 | 2154.55 | 3132.72 |
| 22 | पंजाब | 176.10 | | 576.59 | 1560.99 | 1096.30 | 3409.98 |
| 23 | राजस्थान | 23.85 | 5229.15 | 207.52 | 37925.04 | 412.50 | 43798.06 |
| 24 | सिक्किम | 55.11 | | 0.00 | 7.56 | 2282.00 | 2344.67 |
| 25 | तमिलनाडु | 123.05 | 12084.56 | 1046.62 | 11731.61 | 2203.20 | 27189.04 |
| 26 | तेलंगाना | 89.67 | 128.10 | 221.67 | 5065.10 | 2405.60 | 7910.14 |
| 27 | त्रिपुरा | 16.01 | | 0.00 | 35.16 | | 51.17 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | उत्तर प्रदेश | 50.60 | | 2310.39 | 3829.88 | 501.60 | 6692.47 |
| 29 | उत्तराखंड | 233.82 | | 149.57 | 837.89 | 4785.35 | 6006.63 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 98.50 | | 351.86 | 320.62 | 1341.20 | 2112.18 |
| 31 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5.25 | | 0.00 | 32.12 | | 37.37 |
| 32 | चंडीगढ़ | | | 0.00 | 78.85 | | 78.85 |
| 33 | दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | | | 3.75 | 134.90 | | 138.65 |
| 34 | दिल्ली | | | 85.17 | 403.30 | | 488.47 |
| 35 | लक्षद्वीप | | | 0.00 | 6.57 | | 6.57 |
| 36 | पुदुचेरी | | | 0.00 | 77.61 | | 77.61 |
| 37 | अन्य | | 4.30 | 0.00 | 45.01 | | 49.31 |
| | **कुल (मेगावाट)** | **5158.61** | **54650.40** | **11613.93** | **140601.75** | **51164.67** | **263189.36** |

****